तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 मार्च 2025



9 परम मित्र कन्या विद्या निकेतन के छात्रों ने जीते 81 मेडल





10 स्वतंत्रता सेनानियों के दुर्लभ दस्तावेज और छायाचित्र देखे




## खबर संक्षेप

### बिल न भरने वालों के मीटर हटाए

**हिसार।** बालसमंद सब डिवीजन ने बिजली बिल बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग बड़े बकायादारों के बिजली मीटर हटा रहा है। सब डिवीजन के एसडीओ दिनेश ने बताया कि तीन दिनों में क्षेत्र से 24 बिजली मीटर हटाए गए हैं। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिनका बिजली बिल 15 हजार रुपए से अधिक बकाया है, वे समय रहते बिल जमा करा दें। बिल ऑनलाइन या कार्यालय में जाकर जमा किया जा सकता है। बिल न भरने पर मीटर हटा दिए जाएंगे।

### 38 बेसहारा पशुओं पकड़ गो-अभ्यारण भेजे

**हिसार।** नगर निगम की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान निरंतर जारी हैं। टीम के द्वारा शुक्रवार को मॉडल टाउन, न्यू मॉडल टाउन और सिरसा रोड के आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। एएसआई राहुल सैनी ने बताया कि 38 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गो-अभ्यारण में भेजा।

### समिति का अभिनंदन समारोह कल

**हिसार।** श्रीविश्वकर्मा पांचाल समिति की ओर से 23 मार्च को प्रातः 10 बजे जिंदल सामुदायिक केंद्र नजदीक मिल गेट में कई महानुभावों के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बंध में समिति की प्रधान सुधीर पांचाल की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें समिति के उपप्रधान राजकुमार ढलवाल, इन्द्र पांचाल, नरेन्द्र पांचाल, भगवान पांचाल, महासचिव सुभाष मौजूद रहे।

भिवानी शिक्षा बोर्ड से जांचने के लिए कॉपियां लेकर बरवाला जा रहा था कैंटर

# स्कॉर्पियो और कैंटर सहित चार वाहन टकराए, डिप्टी डीईओ सहित चार घायल, स्कूली बच्चे बाल-बाल बचे

- हांसी-बरवाला रोड पर भाटला गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना
- पुलिस ने घायलों को गाड़ी से निकाल अस्पताल पहुंचाया
- एक बच्चे अभिषेक की आंख में चोट लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी-बरवाला रोड पर भाटला गांव के समीप शुक्रवार शाम को चार वाहनों के आपस में टकराने से एक बड़ा हादसा हुआ। हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी से जांचने के लिए कोपियां ले कर जा रहे एक आइसर कैंटर और स्कॉर्पियो के बीच ओवरटेक करने के दौरान की टक्कर हो गई। लेकिन गनीमत रही कि हादसे में जान-माल की हानि नहीं हुई। हादसे में भिवानी शिक्षा बोर्ड के डिप्टी डीईओ संदीप कुमार और शिक्षा बोर्ड के सहायक हरविंदर शर्मा घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घायलों को गाड़ी से निकाल कर उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हिसार रेफर कर दिया।

वहीं स्कार्पियो में सवार नौ स्कूली बच्चे इस हादसे में बाल बाल बच गए। ये सभी बच्चे उचाना स्कूल में आयोजित एक फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के बाद वापस अपने गांव भगाना लौट रहे थे। हादसे में एक बच्चे अभिषेक की आंख में चोट लगी है। इसके बाद उसे उपचार के लिए शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं स्कार्पियो चालक जींद जिले के दरौली खेड़ा निवासी मंजू को भी चोटें आई हैं। उसे भी हांसी नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार डिप्टी डीईओ संदीप कुमार अपने सहायक हरविंदर शर्मा के साथ कैंटर से भिवानी शिक्षा बोर्ड से मार्किंग के लिए पेपर लेकर बरवाला जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी भाटला गांव के समीप पहुंची तो सामने से आ रही स्कॉर्पियो ने अचानक ट्राले को ओवरटेक करने की कोशिश लेकिन सामने से आ रहे कैंटर के साथ भिड़ंत होने से बचने के प्रयास में स्कार्पियो ट्राले के साथ टकरा गई और क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन गनीमत रही कि स्कार्पियो में सवार बच्चों को ज्यादा चोटें नहीं आई लेकिन स्कार्पियो को बचाने के प्रयास में सड़क के नीचे उतरी कैंटर में सवार 4 लोगों को चोटें आई हैं।



हांसी। सड़क पर खड़ी सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त स्कार्पियो। फोटो: हरिभूमि



हांसी। स्कार्पियो को बचाने के प्रयास में सड़क से नीचे उतरी कैंटर। फोटो: हरिभूमि



हांसी। नागरिक अस्पताल में डिप्टी डीईओ संदीप कुमार का उपचार करती महिला स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

### ओवरटेक की कोशिश

कैंटर चालक हनुमान सिंह ने बताया कि बरवाला की तरफ से आ रही स्कॉर्पियो ने एक ट्राले को ओवरटेक करने की कोशिश की। इस दौरान स्कॉर्पियो ट्राले से टकरा गई। हनुमान ने बताया कि सामने से आ रही स्कार्पियो को बचाने के लिए उसने अपनी गाड़ी को सड़क से नीचे उतार लिया। इससे उनकी गाड़ी सड़क किनारे खेतों में उतर गई। उनका कहना है कि यदि वह ऐसा नहीं करते तो दोनों वाहनों के आमने-सामने की टक्कर हो सकती थी, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था। खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच कर रही थी।

# 2025-26 के लिए कलेक्टर रेट निर्धारण पर मंथन शुरू



हिसार। कलेक्टर रेट निर्धारण बैठक में निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वर्ष 2025-26 के लिए कलेक्टर रेट निर्धारित करने को लेकर उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में किया गया।

उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कलेक्टर रेट का निर्धारण करते समय बाजार दर, मौजूदा रेट, भूमि का प्रकार, क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और विकास कार्यों को ध्यान में रखा जाए। उन्होंने कहा कि रेट निर्धारण में पारदर्शिता और निष्पक्षता होनी चाहिए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में संपत्ति और भूमि की बाजार दर का अध्ययन करें। इसके आधार पर नए कलेक्टर रेट का प्रस्ताव तैयार किया जाए, जो आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए। उपायुक्त ने निर्देश किया कि वे नए कलेक्टर रेट निर्धारण से जुड़े सभी दस्तावेज और आवश्यक आंकड़े बैठक में प्रस्तुत करें, ताकि दरों को यथासंभव व्यावहारिक रूप से निर्धारित किया जा सके।

### लापरवाही न बरतें

रेट निर्धारण की प्रक्रिया में न डीसी ने कहा कि कलेक्टर रेट निर्धारण के लिए सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में भूमि के बाजार में मौजूदा भाव सहित अन्य पहलुओं का सर्वेक्षण करेंगे। इसके बाद संबंधित रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को प्रस्तुत की जाएगी। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि कलेक्टर रेट निर्धारित करते समय औद्योगिक, कृषि, आवासीय और व्यावसायिक भूमि की अलग-अलग दरें तय की जाएं। इसके अलावा, भूमि की लोकेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास परियोजनाओं को भी ध्यान में रखा जाए। कलेक्टर रेट निर्धारण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी विभागीय अधिकारी इसमें सक्रिय भागीदारी करें। बैठक में बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, सीटीएम हरिराम, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव उपस्थित रहे।






जेली फिश के पास ना तो दिल होता है और ना ही दिमाग



तितलियां चखकर नहीं, पैरों से किसी भी चीज का स्वाद पता लगाती हैं।



# कंप्यूटर से ग्रेजुएशन करने के बाद चमकेगा करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

इन दिनों छात्र अपने करियर को लेकर काफी सीरियस है। वो जल्द से जल्द अच्छी नौकरी हासिल कर अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हर कोई अपने लिए ऐसा करियर ऑप्शन ढूंढना चाहता है जिसके जरिए उसे मनपसंद जॉब और मनचाही सैलरी मिल सके। ऐसे में जो छात्र कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनके लिए आज हम कुछ ऐसे करियर ऑप्शंस के बारे में जानकारी लाये है जिनके जरिए वें अपने भविष्य को संवार सकते हैं। बढ़ती महंगाई में सभी को अच्छे करियर की तलाश रहती है, और सभी चाहते हैं कि वह अच्छी सैलरी पा सकें, ताकि अच्छा लाइफ स्टाइल को फॉलो कर सकें।

## काफी ज्यादा डिमांड

कई तरह के कोर्सेज हैं जिन्हें करने के बाद आप अपने करियर को सुरक्षित कर सकते हैं और एक अच्छी सैलरी वाली जॉब का सकते हैं। आज के समय में सब काम ऑनलाइन होते हैं। हर जगह कंप्यूटर की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में जो विद्यार्थी कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनकी मांग भी काफी बढ़ने वाली है। अगर आप भी कंप्यूटर के बारे में अच्छा खासा ज्ञान रखते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज पढ़ने में सक्षम है तो आपको इन कोर्स के बारे में जरूर जानना चाहिए। ताकि आप अपने लिए बेस्ट ऑप्शन सेलेक्ट कर सके और उसके अनुसार अपना कैरियर बना सके।

### इंटरनेट से जुड़ा हुआ

आजकल हर कोई अपने मोबाइल पर ज्यादा समय बिता रहा है और इंटरनेट का इस्तेमाल करके नई-नई चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहा है। इसी के चलते हर कंपनी अपने प्रोडक्ट की बिक्री के लिए डाटा इकट्ठा कर रही है। एक डाटा साइंटिस्ट को इन सभी डाटा की जानकारी अच्छे से होती है इसीलिए मार्केट में डाटा साइंटिस्ट की डिमांड बढ़ रही है। इस फील्ड में अन्य क्षेत्रों की बजाय कंपटीशन भी कम है क्योंकि बेहद कम लोगों को इसके बारे में पता है। ऐसे में आप अच्छी सैलरी के साथ एक बेहतरीन जॉब पा सकते हैं।

## सैलरी अच्छी

आज के समय में किसी भी बिजनेस को ऑनलाइन शिफ्ट करने के लिए वेबसाइट चाहिए होती है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ वेबसाइट की आवश्यकता और मांग में भी वृद्धि हुई है। एक वेब डेवलपर की सैलरी भी काफी अच्छी होती है। इसके अलावा यह एक ऐसा काम है जिसकी शुरुआत आप फ्री लांसिंग के तौर पर भी कर सकते हैं और कमाई कर सकते हैं।



### ज्ञान होना जरूरी

आज के इस डिजिटल दौर में लगभग हर क्षेत्र में मशीन लर्निंग चाहिए होती है। आपको किसी भी फील्ड में सरलता से मशीन लर्निंग की नौकरी मिल जाएगी। मशीन लर्निंग नौकरी लेने के लिए आपको इससे जुड़े प्रोग्रामिंग और कंप्यूटर के बारे में ज्ञान होना चाहिए। मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करके आप आसानी से किसी भी कंपनी में बड़े ओहदे पर पहुंच सकते हैं और आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलेगी।

## पसंदीदा क्षेत्र

यदि आपको ऐसा लगता हैं कि केवल पबजी और फ्री फायर ही सबसे ज्यादा खेले जाने वाले खेल है तो ऐसा नहीं है। पूरी दुनिया में हर दिन अलग-अलग तरह के गेम रिलीज होते हैं। वीडियो गेम के मामले में तो बहुत सारे गेम काफी पसंद किए जाते हैं। अगर आप भी वीडियो गेम बनाने में रुचि रखते हैं तो इस काम के बारे में सीख सकते हैं और गेम डेवलपर बनकर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसान का फ्यूचर बनने जा रहा है। जितनी स्पीड से आर्टिफिसीयेल इंटेलिजेंटस और रोबोट हमारे डेली रूटीन का भाग बनते जा रहे हैं उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर रिसर्च करने वाले लोगों की मांग कितनी बढ़ाने जा रही है। चैट जीपीटी और बैड जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ रखने वाले लोगों को रिसर्चर और साइंटिस्ट के पद पर काफी अच्छी जॉब्स ऑफर की जा रही है।

### बन सकते हैं सॉफ्वेयर इंजीनियर

इन दोनों मार्केट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की डिमांड बढ़ती जा रही है। सभी आईटी कंपनियों में बड़े पैमाने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर या सॉफ्टवेयर डेवलपर को ढूंढा जा रहा है। यदि आप भी कंप्यूटर के बारे में जानते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज का ज्ञान है तो आप भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन सकते हैं। इस फील्ड में करियर बनाने से आपका भविष्य भी सुरक्षित होगा।

---

## खेलों में मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास बेहद अहम

# स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट भी एक उभरता हुआ करियर, जो आपको देगा नई उड़ान

**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



खेलों में मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास उतना ही महत्वपूर्ण होता है जितना कि शारीरिक फिटनेस। ऐसे में एक स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनने, तनाव से निपटने और उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता है। आज के प्रतिस्पर्धी खेल जगत में, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक तेजी से बढ़ता हुआ करियर विकल्प है। यह जोश और जज्बे के साथ आपको नई उड़ाने दे सकता है। इस करियर विकल्प में आप भी फिट और मजबूत रहने के साथ साथ अच्छा पैसा भी कमा सकते हैं।

## खिलाड़ियों को मानसिक मजबूती प्रदान करता



## तनाव से निपटने और प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता

### क्या है स्पोर्ट्स साइकोलॉजी

स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक ऐसी शाखा है जो एथलीट्स के मानसिक और भावनात्मक पहलुओं का अध्ययन करती है। इसमें खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, ध्यान, प्रेरणा, तनाव प्रबंधन, टीम वर्क और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की रणनीतियों पर ध्यान दिया जाता है।

### आवश्यक कौशल और योग्यताएं

1. **संचार कौशल** : खिलाड़ियों और कोच से प्रभावी संवाद करने की क्षमता होनी चाहिए।
2. **मनोवैज्ञानिक विश्लेषण** : खिलाड़ियों की मानसिक स्थिति और प्रदर्शन की गहरी समझ होनी चाहिए।
3. **समस्या समाधान** : तनावग्रस्त और दबाव में खेल रहे खिलाड़ियों की समस्याओं का हल निकालने में सक्षम होना चाहिए।
4. **धैर्य और सहानुभूति** : खिलाड़ियों की मानसिक चुनौतियों को समझने और उनका समर्थन करने के लिए सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण होना जरूरी है।

### नौकरी के अवसर

1. खेल संगठन और टीमें
   - भारतीय खेल प्राधिकरण (साई)
   - भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए)
   - विभिन्न क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी और कबड्डी लीग टीमें
2. सरकारी और निजी खेल अकादमियां
   - राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेल अकादमियां
   - निजी खेल प्रशिक्षण केंद्र
3. विश्वविद्यालय और शैक्षिक संस्थान
   - खेल विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर व प्रशिक्षक के रूप में कार्य करना
4. निजी प्रैक्टिस और परामर्श
   - व्यक्तिगत रूप से खिलाड़ियों और खेल टीमों को मानसिक स्वास्थ्य और प्रदर्शन सुधार की सेवाएँ देना

### वेतन और आय

स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट की आय अनुभव और कार्यक्षेत्र पर निर्भर करती है।

- फ्रेशर (शुरुआती स्तर) : 5,00,000 से 8,00,000 रुपये प्रति वर्ष
- मध्य स्तर (5-10 साल का अनुभव) : 10,00,000 से 15,00,000 रुपये प्रति वर्ष
- वरिष्ठ विशेषज्ञ (10+ साल का अनुभव): 18,00,000 से 30,00,000 प्रति वर्ष

### शिक्षा और प्रशिक्षण

स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए आपको मनोविज्ञान (Psychology) में विशेषज्ञता हासिल करनी होती है। इसके लिए निम्नलिखित शैक्षिक विकल्प उपलब्ध हैं।

**बैचलर डिग्री :** स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट बनने की पहली सीढ़ी बी.ए. या बी.एससी. इन साइकोलॉजी करना है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहार अध्ययन और न्यूरोसाइंस जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं।

**मास्टर डिग्री :** बैचलर डिग्री के बाद, आपको एम.ए. या एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी करनी होगी। इस डिग्री में खेल मनोविज्ञान, प्रदर्शन मनोविज्ञान और व्यवहार चिकित्सा की गहरी समझ दी जाती है।

**डॉक्टरेट (पीएचडी या पीएसवाईडी) :** यदि आप अनुसंधान या विश्वविद्यालय स्तर पर पढ़ाना चाहते हैं, तो आपको पीएचडी या पीएसवाईडी इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी करनी होगी। यह उच्चतम स्तर की डिग्री है और इसमें गहन अध्ययन, अनुसंधान और व्यावहारिक अनुभव शामिल होते हैं।

### इन संस्स्थानों से कर सकते हैं डिग्री

**सरकारी संस्थान**

1. दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू), दिल्ली
   - **कोर्स:** एम.ए. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
2. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी
   - **कोर्स:** बी.ए. और एम.ए. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स स्पेशलाइजेशन के साथ)
3. इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, दिल्ली
   - **कोर्स:** एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
4. नेशनल स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट, पटियाला
   - कोर्स: स्पोर्ट्स साइकोलॉजी में विशेष प्रशिक्षण और रिसर्च प्रोग्राम्स

**निजी संस्थान**

1. अमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
   - **कोर्स:** एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
2. क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु
   - **कोर्स:** बी.एससी. और एम.एससी. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स स्पेशलाइजेशन के साथ)
3. फ्लेम यूनिवर्सिटी, पुणे
   - **कोर्स:** बी.ए. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स साइकोलॉजी में फोकस)

### उभरता हुआ करियर

स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक तेजी से उभरता हुआ करियर है, जो न केवल एथलीट्स को मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि उन्हें अपने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने में भी मदद करता है। अगर आप खेलों और मनोविज्ञान में रुचि रखते हैं, तो यह करियर आपके लिए एक शानदार विकल्प हो सकता है।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर विजिट कर सकते हैं।



---

# भारत में हर पर्व लाता जीवन में उत्साह सकारात्मक बदलाव व उमंग का प्रतीक



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

भारत एक ऐसा देश है जहां हर पर्व अपने आप में एक अनूठा उत्साह और संदेश लेकर आता है। चाहे वह होली का रंगों भरा उमंग हो, दीपावली का प्रकाश और समृद्धि का संदेश हो, ईद की भाईचारे और बलिदान की भावना हो, या क्रिसमस का प्रेम और शांति का उपहार हो-ये सभी त्यौहार केवल उत्सव मनाने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव और प्रेरणा लाने के अवसर हैं। खासकर छात्रों के लिए, ये पर्व नई ऊर्जा, आत्मविकास और सही दिशा में बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। आइए जानते हैं कि इन पर्वों से हमें क्या-क्या सीख मिलती है और इसे अपने जीवन में कैसे उतार सकते हैं।

## जीवन में त्योहारों का विशेष महत्व

**बुराई पर अच्छाई की जीत**

**होली:** हिरण्यकश्यप और होलिका की कहानी हमें सिखाती है कि सत्य और भक्ति हमेशा विजयी होती है।

**दीपावली:** रावण पर राम की जीत अंधेरे पर प्रकाश और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है।

**ईद:** ईमानदारी और बलिदान की भावना हमें सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है।

**क्रिसमस:** प्रेम और क्षमा की भावना हमें बुराई को भलाई से हराने का संदेश देती है।

**छात्रों के लिए सीख:**

- हमेशा सत्य और मेहनत के रास्ते पर चलें।
- पढ़ाई में शॉर्टकट या नकल से बचें, ईमानदारी से अपने लक्ष्य पाएँ।
- असफलताओं को चुनौती मानें और उनसे सीखकर आगे बढ़ें।

**नया उत्साह और नई शुरुआत**

**होली:** पुराने गिले-शिकवे भुलाकर दोस्ती और भाईचारे को बढ़ाने का अवसर।

**दीपावली:** नया साल, नई उम्मीदें और समृद्धि की शुरुआत।

**ईद:** रमज़ान के बाद नई ऊर्जा और आत्म-शुद्धि का प्रतीक।

**क्रिसमस:** नए साल की शुरुआत के साथ प्रेम और शांति का संदेश।

**छात्रों के लिए सीख**

- हर दिन को एक नई शुरुआत मानें, पुरानी गलतियों से सीखें।
- आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ चुनौतियों का सामना करें।

## समाज में बांटते खुशियां

**परिश्रम और समर्पण का महत्व**

**होली:** घर की सफाई और तैयारियाँ मेहनत का महत्व सिखाती हैं।

**दीपावली:** दीप जलाने से पहले की तैयारी परिश्रम की महत्ता दर्शाती है।

**ईद:** रमज़ान के रोज़े और इबादत समर्पण का प्रतीक हैं।

**क्रिसमस:** उपहार और सजावट की तैयारी मेहनत और लगन का उदाहरण है।

**छात्रों के लिए सीख**

- सफलता के लिए परिश्रम और अनुशासन जरूरी है।
- पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखें और आलस्य को दूर करें।
- कठिनाइयों को अवसर में बदलें और खुद को बेहतर बनाएं।

**सामाजिक समरसता और एकता**

**होली:** रंगों के साथ सभी भेदभाव मिटाकर एकता का संदेश।

**दीपावली:** परिवार और समाज के साथ खुशियाँ बाँटने का पर्व।

**ईद:** ज़कात और भाईचारा सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है।

**क्रिसमस:** प्रेम और दान की भावना से समाज को जोड़ने का अवसर।

## सामान्य ज्ञान

**1.** प्रसिद्ध चरकुला नृत्य संम्बन्धित है ?
(ए) अवध से
(बी) बुंदेलखंड से
(सी) ब्रजभूमि से
(डी) रुहेलखण्ड से

**2.** निमंलिखित में से कौन सुम्मेलित नहीं है?
(ए) आल्हा-महोबा
(बी) रसिया-बरसना
(सी) कजरी-मिर्जापुर
(डी) बिरहा-कनौज

**3.** बधाई है --
(ए) बुंदेलखंड का नृत्य
(बी) मालवा का नृत्य
(सी) दिवाली के दुसरे दिन भोपाल में मनाया जाने वाला एक त्योहार
(डी) बुंदेलखंड का लोक संगीत

**4.** तमाशा संगीत नाटक का प्रसिद्ध लोक स्वरूप है और यह सम्बंधित है -
(ए) उत्तर प्रदेश
(बी) पंजाब से
(सी) महाराष्ट्र से
(डी) बिहार से

**5.** बताइए कौन सा लोक संगीत दिए गये स्थानों से संम्बन्धित नहीं है?
(ए) कजरी-वाराणसी
(बी) बिरहा - कानपुर
(सी) होली -बृज
(डी) नौटंकी- हाथरस

**6.** निम्नलिखित नृत्यों में कौन - सा सुमेलित नहीं है /
(ए) करमा-महोबा
(बी) धुरिया - बुंदेलखंड
(सी) धीवर - कहार
(डी) नटवरी - पूर्वांचल

**7.** कारागम धार्मिक लोकनृत्य संम्बन्धित है?
(ए) केरल से
(बी) तमिलनाडु से
(सी) आंध्रप्रदेश से
(डी) कर्नाटक से

**8.** लोकनृत्य राहुला का संम्बध उत्तर प्रदेश के निम्न में से किस एक क्षेत्र से है?
(ए) पूर्वी क्षेत्र
(बी) पशिचमी क्षेत्र
(सी) मध्य क्षेत्र
(डी) बुंदेलखंड क्षेत्र

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(ए) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप



हिसार : समाज के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते अग्रवाल विकास संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग।

### अग्रवाल युवक-युवती राष्ट्रीय परिचय सम्मेलन कल करनाल में : गर्ग

**हिसार।** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की आवश्यक मीटिंग हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष व अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में करनाल में 23 मार्च को होने वाला अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन पर विचार किया गया। बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि परिचय सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। परिचय सम्मेलन में भाग लेने के लिए अब तक 640 युवक-युवतियों के फार्म आ चुके है और 23 मार्च को रिश्तें करवाने के लिए युवक-युवतियों के फार्म भरवाने के लिए मौके पर भी तीन ऑफिस बनाएं गए है ताकि देश के कौने-कौने से आने वाले युवक-युवतियां परिचय सम्मेलन में भाग ले सकें।

### हत्या प्रयास मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** एचटीएम पुलिस ने शिव नगर निवासी अमित उर्फ घोड़ा पर जान से मारने की नीयत से हमला कर गोली चलाने के मामले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सेक्टर 9-11 निवासी शिवम, सैनियान मोहल्ला निवासी केशव उर्फ कानू, भगत सिंह नगर निवासी ऋतिक उर्फ नोनी और शिव नगर निवासी अमन शामिल है। एएसआई सुरजीत सिंह ने बताया कि इस संबंध में एचटीएम थाना में 6 मार्च को शिव नगर निवासी अमित उर्फ घोड़ा ने उस पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 5 मार्च को रात को ऋतिक और उसके दोस्तों ने उसके घर पर ईंट बरसाई और उसे जान से मारने की नीयत से गोली चलाई। गोली की आवाज से लोगों के एकत्रित होने पर सब भाग गए।

### आरोपियों से मोबाइल फोन, गाड़ी बरामद

**हिसार।** सीआईए व थाना शहर पुलिस ने लिफ्ट देकर मोबाइल फोन और नकदी लूटने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें बहबलपुर निवासी मितेश, सुल्तानपुर निवासी नवीन और हिसार के शिव नगर निवासी आकाश शामिल हैं। जांच अधिकारी एएसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में शहर थाना में लक्ष्मी विहार कॉलोनी बरवाला निवासी विनोद कुमार ने तीन युवकों द्वारा उससे लिफ्ट दे मोबाइल फोन और नकदी लूटने के बारे में शिकायत दी थी।

### आज के विद्यार्थी ही कल के नेता : डॉ. वर्मा



**हिसार।** राजगढ़ रोड पर स्थित राजकीय महाविद्यालय में खेल एवं युवा मामले मंत्रालय तथा नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से दो दिवसीय अंतर जिला युवा संसद का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर वर्मा ने शिरकत की। डॉ. वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश की रीढ़ की हड्डी है और आज के विद्यार्थी ही कल के नेता है इसलिए उनको देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा चुनाव व्यवस्था ज्ञान होना अति आवश्यक है। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने मुख्य अतिथि तथा जूरी के सदस्यों डॉ. प्रदीप वर्मा, पवन कुमार, डॉ .सुनील कुमार, यशपाल तथा नरेंद्र यादव, संयोजक डॉ.. राजेश पुनिया का आभार जताया। महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में हिसार, सिरसा तथा फतेहाबाद जिलों के18 से 25 वर्ष के आयु के युवा भाग ले रहे हैं।


---

### कक्षा 9 की छात्रा सृष्टि को पांच हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिली

# परम मित्र कन्या विद्या निकेतन खांडा खेड़ी के छात्रों ने ओलंपियाड में जीते 81 गोल्ड मेडल

एसओएफ अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में 13 गोल्ड इंग्लिश में 11 गोल्ड, गणित ओलंपियाड में 18 गोल्ड मेडल मिले

हरिभूमि ▶▶| नारनौंद





**नारनौंद।** स्कॉलरशिप स्कीम के तहत 5 हजार रुपये की छात्रवृत्ति पाने वाली छात्रा।

परम मित्र कन्या विद्या निकेतन खांडा खेड़ी के छात्रों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न ओलंपियाड में कुल 81 गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा 9 की छात्रा सृष्टि को गर्ल्स चाइल्ड स्कॉलरशिप स्कीम के तहत पांच हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिली। कक्षा छह की निक्की को एसओएफ डिफेंस सर्विसेज एकेडमिक एक्सीलेंस स्कॉलरशिप 2024-25 के तहत पांच हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। एसओएफ अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में 13 गोल्ड मेडल मिले। कक्षा चार की वंशिका और प्रीति को ज़ोनल एक्सीलेंस प्रमाणपत्र और एक हजार रुपये के उपहार दिए गए। एसओएफ अंतरराष्ट्रीय इंग्लिश ओलंपियाड में 11 गोल्ड मेडल, गणित ओलंपियाड में 18 गोल्ड मेडल, राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में 12 गोल्ड मेडल और अंतरराष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड में 20 गोल्ड मेडल जीते हैं। कक्षा 3 के विहान को एक हजार रुपये का उपहार दिया गया। एसओएफ अंतरराष्ट्रीय सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में चार गोल्ड मेडल और कंप्यूटर विज्ञान ओलंपियाड में तीन गोल्ड मेडल हासिल किए गए हैं। वंशिका और प्रीति को ज़ोनल एक्सीलेंस प्रमाणपत्र और एक हजार रुपये के उपहार दिए गए।

**छात्रों को शुभकामनाएं दी**

छात्रों की इस उपलब्धि पर चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु, ग्रुप डायरेक्टर सुभाष श्योराण, ग्रुप कोऑर्डिनेटर प्रवीन परुथी, प्रशासक मनदीप सिंधु और प्रधानाचार्य अमित गौड़ ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---



हिसार : रोहित भाकर व देव सिंगला के साथ कोच सुरेंद्र कुमार।

## डेफ बैडमिंटन चैम्पियनशिप के लिए रोहित और देव का चयन

हरिभूमि ▶▶| हिसार

विद्युत नगर बैडमिंटन हाल में प्रशिक्षण ले रहे डेफ बैडमिंटन खिलाड़ी रोहित तथा देव का चयन गुजरात के अहमदाबाद में 24 मार्च तक होने वाले नेशनल मूक बधिर (डेफ) सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप के लिए हुआ है, जिसका आयोजन सरदार खेल भवन, नवरंगपुरा, (अहमदाबाद) में हो रहा है 1 प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित खिलाड़ी भाग ले रहे हैं डीएचबीवीएन बैडमिंटन हॉल के प्रशिक्षक सुरेंद्र कुमार और विरेंद्र कुमार ने बताया कि रोहित हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम में स्पोर्ट्स ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं तथा बैडमिंटन में उनके शानदार खेल उपलब्धियों के आधार पर अर्जुन अवॉर्ड मिल चुका है व देव सिंगला (हांसी) से हैं 1 ये दोनों खिलाड़ी बहुत लगन से कड़ी मेहनत कर रहे हैं। खिलाड़ियों तथा कोच की मेहनत से आज इनका मूक बधिर नैशनल चैम्पियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन हुआ है।

---

## विद्यार्थी अपना हुनर पहचान आगे बढें: डॉ. विक्रमजीत

- दयानंद कॉलेज में करियर काउंसलिंग कार्यशाला



**हिसार ।** कॉलेज में कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य व अन्य अतिथि।

**हिसार।** दयानंद कॉलेज में एक द्विवसीय करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। अर्थशास्त्र व मैनेजमैंट विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सचिन काजल मार्केटिंग हेड, दीपक अटकन मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, गौरव ढुल मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव व मनीषा सोनी असिस्टेंट प्रोफेसर मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने को कभी किसी से कम न समझें। हर कोई किसी न किसी क्षेत्र में माहिर होता है। इसलिए अपने हुनर को पहचाने और फिर उस तरफ बढ़े, सफलता जरूर मिलेगी। मार्केटिंग हेड सचिन काजल ने छात्र-छात्राओं से शिक्षण कौशल, रचनात्मकता, साक्षात्कार महत्वपूर्ण सोच, वाद-विवाद के विषय संबंधित चर्चा की। मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव दीपक अटकन ने छात्र-छात्राओं से बातचीत के दौरान कहा कि जरूरी नहीं कि जो आप सोचते हो वह काम हो जाएगा। मां-बाप अपने बच्चों को पढ़ने के लिए अपनी जमीन तक बेच देते है। बच्चों को अपने मां-बाप की इस उम्मीदों पर पानी नहीं फेरना चाहिए, बल्कि दिमाग का प्रयोग करना चाहिए। इस मौके पर अर्थशास्त्र व मैनेजमेंट विभाग की इंचार्ज डॉ. सुरूची शर्मा, प्रो. रीना, स्मृति, सीमा, अनीता मौजूद रही।

---

*छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन*

## आरपीएस पब्लिक स्कूल में ओलंपियाड पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

हरिभूमि ▶▶| हांसी



**हांसी।** ओलंपियाड परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी को साइकिल प्रदान करते स्कूल प्रिंसिपल अनूपम गोयल ।

आरपीएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार सुबह प्रार्थना-सभा के दौरान ओलंपियाड पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आरपीएस पब्लिक स्कूल के 1 से 10 वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की आठवी कक्षा के छात्र तुशांत ढूल ने साइकिल प्राप्त की। दसवीं कक्षा का छात्र योगेश पुत्र पवन कुमार, योगेश पुत्र सतीश, सकीना पुत्री रामअवतार, राहुल बामल पुत्र रजत बामल ने खेल संबंधी किट प्राप्त की। सभी विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय की प्रबंधन समिति द्वारा पुरुस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर स्कूल प्रबंधक डॉ. संदीप देसवाल व प्रधानाचार्य अनुपम गोयल ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उन्हें प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए ताकि भविष्य में अपने अभिभावक व विद्यालय का नाम रोशन कर सकें।

---

## पुलिस के सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

- झगड़े की सूचना पर सिसाय बोलान में पहुंची थी टीम
- पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाकर घायल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



**हांसी।** पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में

सदर थाना पुलिस ने पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट कर उन्हें चोट पहुंचा कर सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले आरोपी सिसाय बोलान निवासी सतीश को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम करीब साढ़े 6 बजे ईआरवी 312 के इंचार्ज एसआई भगत सिंह सूचना मिली कि सिसाय बोलान में बबीता का अपने पति सतीश से झगड़ा हो गया है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंची तो आसपास के लोगों ने पति-पत्नी को समझा बुझा कर शांत मामला कर दिया। घटना की जानकारी लेने के बाद जब पुलिसकर्मी वहां से वापस लौटने लगे तो महिला के पति सतीश कुमार ने घर में रखा पंखा एसआई भगत सिंह पर दे मारा। जिस कारण उनके पैर और हाथ में चोट लग गई। शोर सुनकर जब गाड़ी में बैठे चालक ईएचसी मुकेश एसआई भगत सिंह को लेकर गाड़ी की ओर आ रहा था तो उसने मुकेश के मुंह पर काट लिया था। इसके चलते दोनों पुलिस कर्मियों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। पुलिस ने ईएचसी मुकेश कुमार की शिकायत पर पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट करने तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

---

## प्रशासन ने गोल्फ कोर्स के मेंबर्स की सदस्यता को गैर कानूनी ढंग से रद किया : एसोसिएशन



राम　　फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** गोल्फ एसोसिएशन ने गोल्फ कोर्स की पुनः स्थापना के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलने का निर्णय लिया है। इसके लिए उपाध्यक्ष प्रदीप सर्राफ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया। एचएपी गोल्फ कोर्स की सदस्यता रद करने के मुद्दे को हल करवाने व गोल्फ के प्रोत्साहन एवं उत्थान के लिए नरेंद्र बंसल की अध्यक्षता में एक अन्य समिति गठित की गई। इस संबंध में गोल्फ एसोसिएशन की बैठक शुक्रवार को जिलाध्यक्ष सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह ने बताया कि हिसार के एचएपी तृतीय वाहिनी स्थित गोल्फ कोर्स के शहर के अति प्रतिष्ठित व्यापारी, वकील, डॉक्टर, सीए आदि लगभग 300 मैंबर्स हैं जिनसे 10 हजार रुपये से एक लाख 20 हजार रुपये तक मैंबरशिप फीस वसूली गई लेकिन गोल्फ कोर्स के एयरपोर्ट की सीमा में आने के बाद प्रशासन द्वारा बिना बताए गैर कानूनी ढंग से गोल्फ कोर्स की सदस्यता रद कर दी गई। इसके संविधान में न तो सदस्यता रद्द की जा सकती है औ न ही ट्रांस्फर की जा सकती है। लाखों रुपये की मैंबरशिप फीस देने के बाद गोल्फ कोर्स को हटाने से शहर के गोल्फ प्रेमियों में निराशा है। बैठक में गोल्फ कोर्स की सदस्यता को पुनः बहाल करने व हिसार पुनः गोल्फ कोर्स की स्थापना के लिए गोल्फ एसोसिएशन रजिस्टर्ड का गठन किया गया।

---

## नशे के खिलाफ पांच को निकालेंगे साइक्लोथॉन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान साइक्लोथॉन 2.0 की शुरुआत 5 अप्रैल को हिसार जिले से होगी। यहां से आरंभ होकर साइक्लोथॉन रैली सभी 22 जिलों में जाएगी। 27 अप्रैल को रैली का समापन सिरसा जिला में होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रैली के शुभारंभ व समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस रैली का उद्देश्य युवाओं में नशे के खिलाफ जागरूकता पैदा करना और समाज में स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है। इस संबंध में हरियाणा के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त अनीश यादव ने साइक्लोथॉन रैली हिसार से प्रारंभ होकर लाडवा, सुल्तानपुर, उमरा, तोशाम, बापौड़ा होते हुए भिवानी जिले में प्रवेश करेगी। रैली में भाग लेने के लिए हरियाणा उदय पोर्टल पर पंजीकरण किया जा सकता हैं। रैली में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भाग लेंगे। इस यात्रा के दौरान मार्ग में विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं का आयोजन किया जाएगा, जहां नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचाव के उपायों पर चर्चा की जाएगी। जिला प्रशासन की तरफ से हांसी के एसडीएम राजेश खोथ को नोडल अधिकारी बनाया गया हैं। अभियान के माध्यम से जनता को यह संदेश दिया जाएगा कि नशा परिवार और समाज को खोखला करता है।

---

### हैप्पीनेस मंत्रालय की स्थापना करने की मांग

**हिसार।** सामाजिक संस्था सजग ने वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2025 में भारत की रैंकिंग में सुधार पर प्रसन्नता व्यक्त की है। सजग के प्रदेश अध्यक्ष, वास्तु आर्किटेक्ट और लाइफ काउंसलर सत्यपाल अग्रवाल ने कहा कि ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वेलबीइंग रिसर्च सेंटर द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत इस वर्ष 147 देशों की सूची में 118वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पिछले वर्ष यह 126वें स्थान पर था। इस प्रकार, भारत ने 8 स्थानों की उल्लेखनीय प्रगति की है, जो देश की सामूहिक खुशहाली में सुधार का संकेत देती है।

---

### एचएयू में 'अनुवांशिक शुद्धता प्रबंधन' विषय पर कार्यक्रम

# बीजों की शुद्धता बनाए रखना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बीज फार्म का निरीक्षण करते हुए।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि बीजों की आनुवांशिक शुद्धता बनाए रखना केवल किसानों के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। सतत अनुसंधान, जागरूकता और उचित प्रबंधन से हम बेहतर गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे कृषि क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि बनी रहेगी।

प्रो. काम्बोज शुक्रवार को विश्वविद्यालय में बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 'अनुवांशिक शुद्धता प्रबंधन' विषय पर आयोजित कार्यक्रम के संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के प्रजनक बीज फार्म पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति ने बताया कि आनुवंशिक शुद्धता प्रबंधन से शुद्ध बीज तैयार करके अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इससे रोग प्रतिरोधी क्षमता, अधिक उत्पादन तथा जलवायु अनुकूलता भी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि किसानों को अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रमाणित बीजों का उपयोग करना चाहिए। बीज उत्पादन प्रक्रिया के साथ भण्डारण एवं बीज परीक्षण पर निगरानी रखना भी बहुत जरूरी है। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि किसानों के लिए बीज का विशेष महत्व है। यह कृषि उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीज की गुणवत्ता और सही चयन से फसल की पैदावार पर सीधा असर पड़ता है।

बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र मोर ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि निरिक्षक अनिल कुमार को उत्तम बीज उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से 50 से अधिक सरकारी व गैर सरकारी बीज उत्पादक शामिल हुए।

उन्होंने विश्वविद्यालय के बीज फार्म का भ्रमण भी किया। मंच का संचालन डॉ. अक्षय भूक्कर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## दयानंद व सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीच एमओयू



**हिसार।** एमओयू के अवसर पर दोनों संस्थानों के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय एवं सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन आर्य नगर के बीच शैक्षणिक गतिविधियों में पारस्परिक सहयोग के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर जारी गतिविधियों में दयानंद महाविद्यालय की अपनी विशिष्ट पहचान है जिसे नैक द्वारा गत वर्ष ए प्लस प्लस ग्रेड से नवाजा गया है जो कि सर्वश्रेष्ठ ग्रेड है। यह ग्रेड इस बात की पुष्टि करता है कि कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में स्थापित सभी मापदंडों को पूर्ण करता है। दूसरी ओर सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन समाज को भावी शिक्षक प्रदान करने की दिशा में बीएड, बीए बीएड, डीएड तथा बीएससी की उपाधि प्रदान करता है। बीए/बीएससी के साथ संयुक्त रूप से चार वर्ष में बीएड की डिग्री देने वाला यह जीजेयू से सम्बन्धित एकमात्र कॉलेज है। उक्त समझौता दयानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह तथा सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के निदेशक महावीर पूनिया के बीच हुआ।

इस अवसर पर दयानंद महाविद्यालय के इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह व अंग्रेज़ी विभाग के प्राध्यापक मंजीत सिंह भी उपस्थित थे। इस एमओयू के तहत दोनों कॉलेज शिक्षा व शिक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्यवन, शोध, शैक्षणिक सामग्री का आदान-प्रदान इत्यादि साधनों व संसाधनों का आदान-प्रदान करेंगे।

---

### संदिग्ध परिस्थितियों में बेटी संग महिला लापता हुई

**हांसी।** कुंदनापुर रोड स्थित आंबेडकर कॉलोनी से एक 26 वर्षीय महिला अपनी एक साल की बेटी के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने लापता महिला के भाई शमशेर सिंह ने की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर महिला की तलाश आरंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शमशेर ने बताया कि वह उसकी 26 वर्षीय बहन सुमन कौर शादी आठ साल पहले रतिया के गांव मोहम्मदपुर सौत्र निवासी मंगल सिंह के साथ की थी और 15 मार्च को उसकी बहन अपने 7 वर्षीय बेटे और एक साल की बेटी के साथ मेरे घर हांसी आई थी। लेकिन 18 मार्च को सुबह दस बजे अपनी एक साल की बेटी को साथ लेकर बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गई और अपने बेटे को घर पर ही छोड़ गई। शमशेर सिंह ने बताया कि उसकी बहन शाम तक न तो वापस लौट कर घर आई और न ही वह अपनी ससुराल मोहम्मदपुर सौत्र पहुंची। शमशेर ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर अपनी बहन सुमन को काफी तलाश किया लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं मिला।

**ग्राम पंचायत पनिहार चक्क**
**खण्ड हिसार-II, तहसील व जिला हिसार**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पनिहार चक्क ब्लाक-II जिला हिसार में 17 सूखे वृक्षों की निलामी दिनांक 02.04.2025 को सुब्रह 11 बजे मैन चौपाल में करवाई जाएगी। जिसकी सिक्योरिटी राशि 10000 रूपये जमा करवानी होगी बाकी नियम व शर्ते मौके पर बता दी जाएगी।

सरपंच, ग्राम पंचायत पनिहार चक्क
मो. :- 9034500018

## खबर संक्षेप



### नैतिक जीवन शुद्ध नहीं तो धार्मिक विचार भी नहीं

**उकलाना।** परस्त्रीगमन सबसे बड़ा पाप, ये व्यक्तिगत पतन का कारण बनता है। यह बात जैन संत उपेंद्र मुनि महाराज ने जैन स्थानक में प्रवचन करते हुए कही। जैन संत उपेंद्र मुनि महाराज ने नीति और धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पराई स्त्री का सेवन महापाप है। जब तक मनुष्य का नैतिक जीवन शुद्ध नहीं होगा, तब तक उसका धार्मिक जीवन भी उत्कृष्ट नहीं बन सकता। धर्म और नैतिकता का गहरा संबंध है और इन दोनों में से किसी एक के अभाव में समाज में नैतिक पतन होना निश्चित है।

### किसानों से बातचीत कर समाधान निकाला जाए

**हिसार।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने केन्द्र, हरियाणा एवं पंजाब सरकार से अपील की है कि वे किसान वर्ग की आवाज को बल प्रयोग से दबाने की बजाय बातचीत से समस्या का समाधान निकालें। उन्होंने कहा कि किसान वर्ग कोई सत्ता के लिए लड़ाई नहीं लड़ रहा बल्कि अपनी जायज मांगों के लिए धरने, प्रदर्शन व आंदोलन कर रहा है। दलबीर किरमारा ने शुक्रवार को कहा कि पिछले कुछ समय से किसानों के नाम पर राजनीति हो रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। किसान किसी जाति विशेष का या किसी दल से जुड़ा नहीं होता और उसका प्रमुख कार्य खेती है।

### सुल्फा सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** एंटी नारकोटिक सेल हांसी पुलिस ने 485 ग्राम सुल्फा सप्लाई करने वाले असल सप्लायर कापड़ो निवासी सन्दीप को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिनो पहले पहले मिर्चपुर निवासी टीन्कू को 485 ग्राम सुल्फा सप्लाई किया था। एंटी नारकोटिक्स सैल ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को कापड़ो गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## रबी खरीद वर्ष 2025-26 के लिए प्रशासन ने तैयारियां को अंतिम रूप दे दिया

# 14 मंडियों में सरसों, 27 में गेहूं खरीद होगी

- डीसी यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

रबी सीजन की खरीद वर्ष 2025-26 के लिए प्रशासन ने तैयारियां को अंतिम रूप दे दिया है। जिले की मंडियों में 15 मार्च से सरसों की खरीद शुरू हो चुकी है जबकि गेहूं की खरीद कार्य एक अप्रैल से शुरू होगा। सरसों की फसल की बिक्री के लिए 14 मंडिया तथा गेहूं की फसल की बिक्री के लिए 27 मंडियां अधिसूचित की जा चुकी हैं।

### यहां की जाएगी खरीद

रबी फसलों के लिए खरीद केंद्रों में आदमपुर, अग्रोहा, बालसमंद, बरवाला, बास, दौलतपुर, घिराय, हांसी, हसनगढ़, हिसार, खांडा खेड़ी, डाटा, खेड़ी जालब, कोथ कलां, लोहारी राघो, नारनौंद, पाबड़ा, पेटवाड़, बांडाहेड़ी, सरसौद, श्यामसुख, सिसाय, थुराना, उकलाना, कैमरी, राजली तथा मतलोडा आदि शामिल हैं।

### डीसी ने की समीक्षा बैठक

रबी सीजन की फसलों के खरीद के प्रबंधों की समीक्षा के संबंध में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को रबी खरीद को सुचारू और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में बरवाला एसडीएम डॉ वेद प्रकाश बेनीवाल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, सीटीएम हरिराम, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक अमित शेखावत, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ राजबीर सिंह, सभी मार्केट कमेटी के सचिव, हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन, भारतीय खाद्य निगम तथा अन्य खरीद एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे।

**फसल उठान के बाद 72 घंटों में किसानों को अदायगी हो**



हिसार। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव।

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि रबी खरीद सीजन के दौरान गेट पास, फसल की खरीद, तौल, लिफ्टिंग, भंडारण और परिवहन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जाए। फसल के उठान के उपरांत 72 घंटों में किसानों को अदायगी भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मंडियों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, शौचालय, छायादार स्थान और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने साफ-सफाई बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे खरीदी गई फसलों के भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था करें। सभी भंडारण स्थलों की व्यवस्था का पूर्व निरीक्षण किया जाए और आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त भंडारण की व्यवस्था की जाए।


### खरीद केंद्रों पर आवश्यक प्रबंध करें

डीसी ने कहा कि हांसी, बरवाला, डाटा और बांडाहेड़ी सहित सभी मंडियों में फसलों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होना चाहिए, यदि कहीं पर भी स्थान की कमी है या तो अतिरिक्त एरिया को नोटिफाई करवा लें। इसी प्रकार से अतिरिक्त खरीद केंद्रों की भी आवश्यकता हो तो इस बारे भी जल्द प्रस्ताव दें ताकि अतिरिक्त खरीद केंद्रों को भी अधिसूचित करवा लिया जाएं। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खरीद केंद्रों पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जल्द ही वे स्वयं भी मंडियों का दौरा करेंगे। यदि इस दौरान कोई समस्या या कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

**गांव कुलेरी में नरमा की क्रॉप कटिंग में गड़बड़ी का आरोप**

## किसान संघर्ष समिति ने कृषि उपनिदेशक को ज्ञापन सौंपा

**हिसार।** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने अग्रोहा ब्लॉक प्रधान केडी अग्रोहा की अध्यक्षता में कुलेरी गांव के किसानों ने अग्रोहा ब्लॉक कार्यालय में धरना लगाया। किसानों का कहना है कि क्रॉप कटिंग के अधिकारियों द्वारा 2024 में नरमा की क्रॉप कटिंग में शामिल खाते में एक किसान का 10 फीसद खराबा दिखाया है और वहीं साथ लगती जमीन में दूसरे भाई का 70 से 80 फीसद तक खराबा दिखाया है जिससे गावों कुलेरी के किसानों को नरमा के बीमा क्लेम में भारी नुकसान हुआ है। इससे गुस्साए किसानों ने अग्रोहा ब्लॉक ऑफिस में लगाया धरना। धरने पर किसानों ने कृषि उपनिदेशक डॉ. राजबीर सिंह और डॉ. सोमप्रकाश बिश्नोई को ज्ञापन दिया। कृषि उपनिदेशक ने किसानों को आश्वासन दिया कि विभाग की कमेटी गांव कुलेरी में आकर मौके का मुआयना करेंगी और जिस भी अधिकारी ने गड़बड़ी की है या दोषी पाया जाता है उसको किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर कुलेरी इकाई के प्रधान रमेश नैन, सतीश डूडी, रामस्वरूप कुलेरी, प्रकाश, अशोक जाखड़, मंगतू ढाका, पोला राम डूडी, देवी जाखड़, ओमप्रकाश घनगस आदि किसान मौजूद रहे।



हिसार। कृषि उपनिदेशक डॉ. राजबीर सिंह को ज्ञापन देते किसान।

## आत्महत्या करने वाले युवक का पोस्टमार्टम हुआ, सीन ऑफ क्राइम से लिए सैंपल

- सेक्टर 14 के 29 वर्षीय युवक ने गुरुवार को किया था सुसाइड
- सीन ऑफ क्राइम टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पिस्टल वह खोल को जब्त करके खून के सैंपल लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर के सेक्टर 14 में गोली मारकर आत्महत्या करने वाले युवक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ज्ञात रहे कि सेक्टर 14 निवासी एवं ऑटो मार्केट में काम करने वाले लगभग 29 वर्षीय युवक अंकित ने गुरुवार को रात को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के पिता महेंद्र ने पुलिस को बताया कि हमारी ऑटो मार्केट में मैकेनिक की दुकान है। उसके दो बेटे हैं जिनमें अंकित सबसे बड़ा व शादीशुदा था। तीन साल पहले प्रभुवाला वासी संध्या से उसकी शादी हुई थी। गुरुवार को रात लगभग आठ बजे वे दुकान से घर लौटे थे और खाना खाने की तैयारी कर रहे थे। मे, पत्नी, पुत्रवधू व बेटा अंकित ड्राइंग रूम में बैठे थे। वह मेडिकल स्टोर से कोई दवाई भी लेकर आया था। उसे समझाया था कि नशा करना अच्छी बात नहीं है, इस बात पर वह गुस्सा होकर कमरे में चला गया। उसने दरवाजे की कुंडी लगा ली और फिर अलमारी से लाइसेंसी पिस्तोल निकाल कर गोली चला दी। हमने शोर मचाया और पड़ोसियों की मदद से दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर जाकर देखा तो फर्श पर अंकित पड़ा था। उसके सिर से खून बह रहा था पिस्टल भी पास पड़ी हुई थी। अचेत अवस्था में हम अंकित को अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर डीएसपी सुनील कुमार, सिटी थाना प्रभारी तनेज पाल, नई अनाज मंडी चौकी प्रभारी जयप्रकाश मौके पर पहुंचे। सीन ऑफ क्राइम टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पिस्टल वह खोल को जब्त करके खून के सैंपल लिए। पुलिस जांच कर रही है।

### फ्रॉड के रुपये खाते में डलवाने का आरोपी पकड़ा

**हांसी।** आर्थिक अपराध शाखा हांसी पुलिस ने फ्रॉड किए गए रुपयों को अपने खाते में डलवाने वाले करनाल जिले के गांव गगसिणा निवासी दलबीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि किसी व्यक्ति को उच्च पद पर लगवाने के लिए धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति के साथ साजबाज होकर उसने अपने बैक खाते में रुपये डलवाए थे। आर्थिक अपराध शाखा हांसी पुलिस ने मामले की गहनता से जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जायेगी। पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## संपदा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सेक्टर 33 की समस्याओं बारे सेक्टरवासियों ने एचएसवीपी की संपदा अधिकारी आंचल भास्कर से मुलाकात की। सेक्टरवासियों के साथ मिलते हुए उन्होंने संपदा अधिकारी को मांगों व समस्याओं का ज्ञापन सौंपा। उनके साथ सेक्टर प्रधान धर्मवीर पानू के अलावा कार्यकारिणी सदस्य बलबीर भुंबक, नवीन तनेजा व सेक्टरवासी भी रहे। अधिकारी ने आश्वासन दिया कि समस्याओं का हल किया जाएगा।




हिसार। संपदा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते सेक्टरवासी। फोटो : हरिभूमि


### छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में जागरुक किया

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के नेतृत्व में कार्य करते हुए कल्याण निरीक्षक सरोज व थाना साइबर क्राइम जागरुकता टीम पुलिस ने शुक्रवार को सनातन धर्म महिला महाविद्यालय व राजकीय कन्या महाविद्यालय उगालन की छात्राओं को साइबर क्राइम, नशे के दुष्प्रभावों व ट्रैफिक नियमों के बारे जागरूक किया। इस अवसर पर इंस्पेक्टर सरोज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बच्चों के स्वास्थ्य, नेतृत्व व कुशलता के लिए बहुत आवश्यक है।

## गुजवि का प्रतिनिधित्व कर रही जाट कॉलेज की टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की सर्कल कबड्डी टीम ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में पहला स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष एवं खेल प्रभारी डॉ. महेश ख्यालिया ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 मार्च तक चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी में हुआ जिसमें गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की टीम ने फाइनल मुकाबले में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा को 41-33 के अंतर से हराकर चैंपियनशिप पर अपना कब्जा जमाया। उल्लेखनीय बात यह है कि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय कि इस टीम में सभी 14 खिलाड़ी छाजूराम मैमोरियल जाट महाविद्यालय के छात्र हैं। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र अंकुश को बेस्ट रेडर तथा बीए प्रथम वर्ष के छात्र सावन को बेस्ट कैचर चुना गया। हरपाल, अमन, अजय, आशीष, अमित, सूरजभान, रोहित, मोहित, दीपक, आदित्य, सुमित तथा अजय ने भी टीम का प्रतिनिधित्व किया। महाविद्यालय के खिलाड़ी खेल प्रशिक्षक सुशील कुमार शीला के मार्गदर्शन में तैयारी कर रहे हैं।



हिसार। प्राचार्य डॉ. कपेंद्र सिंह के साथ विजेता टीम। फोटो : हरिभूमि

## एसडीओ के खिलाफ धरना तीसरे दिन भी जारी

- एसडीओ ने मीटिंग के लिए बुलाया, लेकिन समस्याओं पर बात करने से इनकार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की सब यूनिट नारनौंद के कर्मचारियों का एसडीओ के खिलाफ तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। धरने की अध्यक्षता वरिष्ठ उप प्रधान सुरेश मिर्चपुर ने की। मंच संचालन सत्यवान रंगा ने किया। नगर पालिका नारनौंद के प्रधान और ब्लॉक के वरिष्ठ उप प्रधान नरेश ने धरने में पहुंचकर समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि जब भी बिजली निगम को जरूरत होगी, वे कर्मचारियों के साथ खड़े रहेंगे। रामदिया शर्मा ने बताया कि एसडीओ ने मंगलवार शाम 3 बजे मीटिंग के लिए बुलाया था लेकिन कर्मचारियों की समस्याओं पर बात करने से इनकार कर दिया और वे अपनी सीट से उठकर चले गए। कर्मचारियों का आरोप है कि एसडीओ अड़ियल रवैया अपनाए हुए हैं। जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, धरना अनिश्चितकाल समय तक जारी रहेगा। धरने पर सतीश शर्मा, विकास गौतम, संदीप जांगड़ा, राजेश पेटवाड़, सुरेश मिर्चपुर, सतीश खांडा, लवकुश शर्मा, वीरेंद्र खांडा, अनिल मोर और राजबीर कापड़ों शामिल हुए।

## पिस्तोल सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने नई सब्जी मंडी से एक व्यक्ति को काबू कर अवैध पिस्तोल बरामद किया है। मुख्य सिपाही विक्रांत ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर नई सब्जी मंडी ढाणी किशनदत्त निवासी शुभम उर्फ काकू को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर शुभम उर्फ काकू के कब्जे से एक अवैध पिस्तोल बरामद हुआ। उसे चेक करने पर वह लोडेड मिला। पिस्तोल खाली करने पर उसमें से एक कारतूस बरामद हुआ। बरामद अवैध पिस्तोल और कारतूस कब्जे में लेकर पुलिस ने शुभम उर्फ काकू के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया। बरामद पिस्तोल और कारतूस के बारे पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने यह पिस्तोल अपने भाई से लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### लुवास में मैसेंजर के पद पर कार्यरत रामभज बने दफ्तरी

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में मैसेंजर के पद पर कार्यरत रामभज को दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किया गया। पदोन्नति के आदेश विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढाका के द्वारा दिए गए। इस अवसर पर कुलसचिव ने पदोन्नत हुए कर्मचारी को बधाई दी। इस अवसर पर लुवास गैर शिक्षक संघ के प्रधान दयानंद सोनी, वरिष्ठ उप प्रधान रविन्द्र फौजी, उप प्रधान अमित गुर्जर, सचिव कुलदीप सैनी, खजांची सतीश कुमार व रोहताश आदि मौजूद रहे।

## गुराना रोड पर डंपिंग स्टेशन में आग, दमकल टीम पहुंची



**बरवाला।** गुराना मार्ग पर डंपिंग स्टेशन में आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुराना मार्ग पर स्थित डंपिंग स्टेशन में अचानक आग लग गई। आग के लगने की सूचना नगरपालिका फायर ब्रिगेड कार्यालय को दी गई। सूचना पाते ही फायर ब्रिगेड कर्मचारी फायर ब्रिगेड की गाड़ी को लेकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। लगभग आधे घंटे के प्रयासों से कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। इस आग से डंपिंग स्टेशन में किसी भी प्रकार के जान माल का नुकसान नहीं हुआ।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

**युवा पीढ़ी को परिचित कराने के लिए ऐतिहासिक प्रदर्शनी शुरू**

## स्वतंत्रता सेनानियों के दुर्लभ दस्तावेज और छायाचित्र देखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा के सूचना आयुक्त जगबीर सिंह ने शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय ऐतिहासिक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने की। इस प्रदर्शनी का संयोजन अभिलेखागार विभाग, हिसार मंडल के सहायक निदेशक अनिल कुमार द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में वर्ष 1857 से 1947 तक स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं, दुर्लभ दस्तावेजों एवं छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में 1857 की क्रांति, 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड, 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन तथा 15 अगस्त 1947 को मिली आजादी से जुड़े दस्तावेजों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर सूचना आयुक्त जगबीर सिंह ने कहा कि इतिहास को सहेजने और युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम की गाथा से परिचित कराने के लिए इस प्रकार की प्रदर्शनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने में सहायक सिद्ध होते हैं। राजकीय महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि इतिहास से सीख लेकर हम वर्तमान को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के संघर्ष को आत्मसात करें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। अभिलेखागार विभाग हिसार मंडल के सहायक निदेशक अनिल कुमार ने प्रदर्शनी का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों और आमजन को भारत के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं और महानायकों के बलिदान से परिचित कराया गया। प्रदर्शनी में वर्ष 1857 से 1947 तक के ऐतिहासिक दस्तावेजों, छायाचित्रों और दुर्लभ प्रमाणों को प्रदर्शित किया गया। इसमें 1857 की क्रांति में वीर सेनानियों जैसे झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे, मंगल पांडे, नानासाहेब पेशवा, कुंवर सिंह जैसे योद्धाओं की तस्वीरें और उनके संघर्ष को दर्शाया गया।



हिसार। ऐतिहासिक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हरियाणा के सूचना आयुक्त जगबीर सिंह, साथ हैं प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी।

### 1857 क्रांति की झलक

1857 को मेरठ में हुए विद्रोह, 19 अगस्त 1857 को हिसार जिले के नागौरी गेट पर स्वतंत्रता सेनानियों और ब्रिटिश सेना के बीच हुए संघर्ष की दुर्लभ छवियां प्रस्तुत की गईं। हिसार के दादा गणेश लाल की, गांधीवादी नेता बलवंत राय तायल, महान देशभक्त लाला हरदेव सहाय की राष्ट्रीय आंदोलन में भूमिका, 1938 की नेताजी सुभाष चंद्र बोस की हिसार यात्रा व हिसार जिले की जानकारी देते हुए छायाचित्र दर्शाए गए। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रो. डॉ गुरमीत ने किया। प्रदर्शनी का समापन 22 मार्च को होगा। प्रदर्शनी में डॉ राजेंद्र सेवदा, डॉ राजबीर सिवाच, डॉ. विष्णु राम, डॉ मीना, डॉ. सुनील कुमार, डॉ आत्माराम, डॉ निर्मला, डॉ. सुनीता, प्रो. मनोज कुमार, और विद्यार्थी शामिल हुए।

### ऑटो व ई-रिक्शा चालकों को कैशलैस ट्रीटमेंट के बारे में जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

यातायात थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर पवित्र कुमार ने शुक्रवार को शहर के सभी ऑटो व ई-रिक्शा चालकों को ट्रैफिक के नियमों व कैशलैस ट्रीटमेंट योजना में बारे में जागरूक किया। यातायात प्रबंधक ने ऑटो ई-रिक्शा चालकों को बताया कि सड़क हादसे में घायल नागरिक आयुष्मान भारत योजना पैनल के अस्पतालों में 1.5 लाख रुपये तक का कैशलैस इलाज का हकदार है। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु को रोकना है। इस प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 के तहत मोटर वाहनों के उपयोग से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को नकद रहित उपचार प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू की है। इसके साथ ही उन्होंने लापरवाही से वाहन चलाने व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी।